राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 107

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, बुधवार, 25 सितंबर 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 16



मेसी फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी >>14

## सरोकार

### कलाकृतियों के रूप में नया अवतार लेगी मधुबनी पेंटिंग



**मधुबनी** : कला के क्षेत्र में मधुबनी पेंटिंग का अपना रुतबा रहा है। देसी कलाकारों की लगातार कोशिशों से यह कला देश ही नहीं दुनिया में भी छा गई। अब इसकी खूबसूरती कलाकृतियों के रूप में भी निहारी जा सकेगी। (पेज-10)

## जागरण विशेष

### 'मन बैरागी' में मोदी का रोल निभाने को उत्साहित हैं अभय



**पानीपत** : बीते सप्ताह रिलीज हुआ 'मन बैरागी' का पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन संघर्ष पर आधारित निर्माता निर्देशक संजय लीला भंसाली की इस फिल्म में हरियाणा के पानीपत जिले के अभय वर्मा मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। (पेज-11)

# सोशल मीडिया पर नकेल कसे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा ▸ दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश तय करे सरकार

### फेसबुक और वाट्सएप पर दुष्प्रचार, ट्रोलिंग का किसी को हक नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसियां** : सुप्रीम कोर्ट ने ट्रोलिंग, चरित्र हनन, अफवाहें फैलाने और फेक न्यूज जैसे मुद्दों पर चिंता जताते हुए सोशल मीडिया को दुरुस्त करने की जरूरत बताई है। सर्वोच्च अदालत का मानना है कि तकनीक ने खतरनाक मोड़ ले लिया है। लिहाजा, केंद्र सरकार तीन हफ्ते के अंदर देश में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए दिशा-निर्देश तय करने की अवधि बताए।

जस्टिस दीपक गुप्ता के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने मंगलवार को सोशल मीडिया को नियम-कायदों में बांधने में लगने वाला समय बताने के लिए केंद्र सरकार को तीन हफ्ते की मोहलत दी है। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने सोशल मीडिया (जैसे-फेसबुक, वाट्सएप) के दुरुपयोग पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, 'भला क्यों किसी को मुझे ट्रोल करना चाहिए और मेरे चरित्र के बारे में ऑनलाइन दुष्प्रचार करना चाहिए।' सर्वोच्च अदालत ने पूछा कि सोशल मीडिया के जरिए एक व्यक्ति का चरित्र हनन किया जाए, तो इसका क्या समाधान है। क्या पीड़ित व्यक्ति सोशल मीडिया पर बदनाम किए जाने के संबंध में अवमानना का मुकदमा दायर कर सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इन मुद्दों पर गौर करने की नसीहत दी है। सोशल मीडिया को नियमित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी करने का सुझाव दिया है। खंडपीठ ने कहा कि ऑनलाइन निजता, राज्य की संप्रभुता और एक व्यक्ति की प्रतिष्ठा को लेकर वैधानिक दिशा-निर्देशों में संतुलन होना चाहिए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को मध्यमवर्ती संस्थाओं-फेसबुक और वाट्सएप के लिए ऐसे नियम बनाने चाहिए ताकि वह यह ध्यान रखें कि किसी के खिलाफ ऐसी पोस्ट नहीं देनी है जो उसकी निजता का हरण कर ले।

**डार्क वेब से एके-47 खरीद सकता हूं : जस्टिस गुप्ता** : सोशल मीडिया के दुरुपयोग को देखते हुए जस्टिस दीपक गुप्ता ने कहा, 'कुछ तकनीकें जिस तरह काम करती हैं, यह बेहद घातक है। एक जरा सी मदद से सिर्फ पांच मिनट में मैं डार्क वेब से एके-47 खरीद सकता हूं।' उन्होंने कहा कि पहले वह सोशल मीडिया के प्रति अपनी अनभिज्ञता के चलते खुश थे लेकिन अब वह चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'अब मैं अपना स्मार्ट फोन छोड़ने पर विचार कर रहा हूं और वापस बेसिक फोन का इस्तेमाल करना चाहता हूं।' इसके जवाब में इस मामले में पक्षकार वाट्सएप की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा, 'यह बुद्धिमतापूर्ण विचार है।' इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोगों ने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है।

**ऑनलाइन अपराध करने वालों को ट्रैक करना जरूरी** : सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि ऑनलाइन अपराध करने वालों को ट्रैक करना भी जरूरी है। अगर कोई गैरकानूनी गतिविधि करने के लिए कोई तकनीक है तो फिर उसे रोकने के लिए भी तकनीक मौजूद है। कोई भी यह कह कर बच नहीं सकता कि सोशल मीडिया सामग्री को 'डीकोड' करने के लिए उनके पास कोई तकनीक नहीं है। जस्टिस गुप्ता और अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि सरकार को अब कदम उठाना चाहिए क्योंकि विज्ञान से जुड़े इस मुद्दे पर ना तो सुप्रीम कोर्ट और नाही कोई हाईकोर्ट कोई फैसला ले सकता है। सर्वोच्च अदालत ने इससे पहले केंद्र को यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या सोशल मीडिया एकाउंट को यूजर के 12 अंकों के यूनिक कोड आधार से जोड़ा जा सकता है।

### फेसबुक के मामले हस्तांतरित करने की अपील पर सुनवाई

फेसबुक ने अपने खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट, बांबे हाईकोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चल रहे मामलों को सर्वोच्च अदालत में स्थानांतरित करने के लिए अपील की है। सर्वोच्च अदालत इसी मामले की सुनवाई कर रही है। फेसबुक का कहना है कि मामलों के स्थानांतरण से विभिन्न हाईकोर्टों में विरोधाभासी फैसलों की गफलत से बचा जा सकता है। फेसबुक ने सर्वोच्च अदालत को बताया है कि उसके खिलाफ दो याचिकाएं मद्रास हाईकोर्ट में और एक-एक क्रमश: बांबे व मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर हैं, जिन पर काफी समय से सुनवाई चल रही है। इन सभी याचिकाओं में आधार या किसी अन्य सरकारी पहचान पत्र को सोशल मीडिया एकाउंट की विश्वसनीयता के लिए अनिवार्य करार देने की मांग की गई है।

### आपराधिक मामले की जांच के दौरान अचल संपत्तियां कुर्क नहीं कर सकती पुलिस

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक फैसले में कहा कि पुलिस किसी आपराधिक मामले की जांच के दौरान अचल संपत्तियों को कुर्क नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 102 में अवैध संपत्तियों को जब्त और कुर्क करने का पुलिस का अधिकार शामिल नहीं है।

पीठ के लिए आदेश पढ़ने वाले जस्टिस खन्ना ने कहा कि यह सहमति से लिया गया फैसला है लेकिन जस्टिस गुप्ता ने कुछ अतिरिक्त कारण भी दिए हैं। शीर्ष कोर्ट ने किसी मामले की आपराधिक जांच के दौरान किसी संपत्ति को जब्त करने का पुलिस को अधिकार देने वाली आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 102 की व्याख्या की। इससे पहले, बंबई हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि पुलिस को जांच के दौरान संपत्ति जब्त करने का कोई अधिकार नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने अदालत के उक्त फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी थी।

## न्यूज गैलरी

**राज-नीति** ▸ पृष्ठ 3

### राम चबूतरा भगवान राम का जन्मस्थान : सुन्नी वक्फ बोर्ड

**नई दिल्ली** : अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मस्जिद होने का दावा कर पूरी जमीन पर मालिकाना हक मांग रहे सुन्नी वक्फ बोर्ड एवं अन्य ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में माना कि अयोध्या में विवादित स्थल पर बना राम चबूतरा भगवान राम का जन्मस्थान है। कोर्ट के सवाल पर सुन्नी वक्फ बोर्ड ने यह बात कही।

**नेशनल न्यूज** ▸ पृष्ठ 6

### कानपुर में सिख विरोधी दंगों की नौ फाइलें मिलीं, जांच शुरू

**कानपुर** : पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए सिख विरोधी दंगा मामले की दोबारा जांच कर रही एसआइटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) को नौ मुकदमों की फाइलें मिल गईं। इन सभी मुकदमों में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। जेल भेजे गए आरोपितों को कोर्ट से जमानत मिल गई थी।

**बिजनेस** ▸ पृष्ठ 12

### सहकारी क्षेत्र के पीएमसी बैंक पर आरबीआइ ने लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली** : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने देश के मझोले स्तर के पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) के कामकाज पर पाबंदी लगा दी है। आरबीआइ के निर्देश के मुताबिक बैंक के हर ग्राहक को अपने खाते से महज 1000 रुपये निकालने की छूट होगी। बैंक की गतिविधियों में भारी अनियमितता पाए जाने के बाद आरबीआइ ने यह निर्देश दिया है और यह छह महीने तक लागू रहेगा।

**अंतरराष्ट्रीय** ▸ पृष्ठ 13

### ब्रिटिश संसद निलंबित करने का फैसला गैरकानूनी घोषित

**लंदन** : ब्रेक्जिट मसले पर जूझ रहे ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन को सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने अपने फैसले में संसद को निलंबित करने वाले फैसले को गैरकानूनी करार दिया है। जॉनसन की सिफारिश पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने संसद को पांच हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया था। जॉनसन के फैसले को भारतवंशी जीना मिलर ने चुनौती दी थी।

# पाक से उपजे आतंकवाद से निपट लेंगे मोदी : ट्रंप

## अहम बैठक ▸ पीएम की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता

### 40 मिनट तक चली बातचीत में कारोबार और आतंकवाद सबसे अहम मुद्दे रहे

**आशुतोष झा, न्यूयॉर्क**

कश्मीर मुद्दे की आड़ में अपने आतंकी चेहरे को बचाने में जुटे पाकिस्तान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करारा झटका दिया है। ट्रंप ने बगैर लाग लपेट के कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान से उपजे आतंकवाद से निपटने में सक्षम हैं। यह बात ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए कही। पिछले दो दिनों में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच यह दूसरी मुलाकात है। इस मुलाकात में भी दोनो नेताओं के बीच ह्यूस्टन में आयोजित हाउडी मोदी कार्यक्रम की गर्मजोशी देखने को मिली। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में आतंकवाद का मुद्दा काफी अहम रहा। हालांकि, काफी कोशिशों के बावजूद कारोबार पर कोई सहमति नहीं बन पाई है।

ट्रंप ने भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही एक सीमित ट्रेड समझौता होने की भी बात कही। उन्होंने कहा, विस्तृत व्यापार समझौता बाद में होगा, लेकिन सीमित समझौते की घोषणा जल्द की जाएगी। सनद रहे कि द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत के उद्योग व वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी न्यूयार्क पहुंचे हैं। वार्ता के बाद संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विजय गोखले ने बताया कि कारोबार से जुड़े मुद्दे काफी जटिल है। इसमें दोनों तरफ की कंपनियों का हित है, नौकरियां जुड़ी हुई हैं। निवेश का मुद्दा है। इसलिए दोनों पक्ष इस पर बात जारी रखेंगे। भारत की तरफ से अपनी कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में ज्यादा पहुंच की मांग की जा रही है। साथ ही अमेरिकी कंपनियों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

हालांकि, गोखले ने समझौता कब तक होगा, इस बारे में कुछ भी नहीं बताया। उन्होंने कि दोनों देश कारोबारी समझौते पर समयबद्ध कार्यक्रम के तहत काम करेंगे। गोखले ने कहा, आतंकवाद निश्चित तौर पर सबसे अहम मुद्दा रहा जिस पर दोनों नेताओं के बीच काफी विस्तार से बात हुई। भारत की तरफ से ट्रंप को बताया गया कि आतंकवाद के मुद्दे पर पाक से क्या उम्मीद है। मोदी ने ट्रंप के सामने स्पष्ट किया भारत पाकिस्तान से बातचीत से पीछे नहीं हट रहा है लेकिन पाक को आतंकवाद पर कदम उठाना होगा। मोदी ने बताया कि भारत में आतंकवाद की समस्या पूरी तरह से सीमा पार से आती है। उन्होंने ट्रंप को यह भी बताया कि भारत में भी काफी संख्या में मुस्लिम रहते हैं लेकिन उनके बीच कट्टरपन नहीं है। आधिकारिक वार्ता शुरू होने से पहले ट्रंप ने बयान दिया कि मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर इस्लामाबाद को बहुत ही साफ व मजबूत संदेश दिया है। इसे एक तरह से बालाकोट में भारतीय वायु सेना की कार्रवाई के समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है।

**मोदी ने दिया ट्रंप को धन्यवाद** : इसके पहले दोनों नेताओं की अगुआई में मुलाकात के शुरू होते ही मोदी ने ट्रंप को हाउडी मोदी कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्रंप को अपना मित्र होने के साथ ही भारत का मित्र भी करार दिया। जवाब में ट्रंप ने कहा, हाउडी मोदी गजब का था और मोदी भारत के एल्विस प्रिसले (गुजरे जमाने के प्रख्यात पॉप स्टार) हैं। मोदी से भेंट के पहले ट्रंप ने कश्मीर पर मध्यस्थता की बात फिर दोहराई थी लेकिन द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उनका रवैया बदला हुआ था। यहां तक मीडिया के सवालों का जवाब देने में भी ट्रंप का रवैया इमरान खान के साथ होने वाली बैठक से अलग था। कश्मीर पर भी दोनों पक्षों के बीच बात हुई है लेकिन कारोबार, आतंकवाद और वैश्विक हालात को ज्यादा तवज्जो दी गई।

**इमरान ने भी किया आतंक को खत्म करने का वादा** : यह पूछे जाने पर कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को मिल रही मदद पर किस तरह से रोक लगाएंगे तो ट्रंप का जवाब था कि मैंने इमरान खान से भी बात की है और उन्होंने भी शांति स्थापित करने की बात कही है और आतंक को खत्म करने का प्रयास करने का वादा किया है। हमारा मानना है कि मोदी और इमरान खान एक साथ काम करें तो निश्चित तौर पर कुछ हो सकता है। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि अमेरिका के लिए ईरान आतंकियों को समर्थन देने वाला सबसे बड़ा देश है। यही बात उन्होंने इमरान खान के एक दिन पहले हुई बैठक में भी कही थी।

अमेरिका में मोदी (विशेष सामग्री) पेज>>5



न्यूयॉर्क में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना सत्र के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्विपक्षीय बैठक हुई। एएफपी

### फादर ऑफ इंडिया हैं मोदी

**न्यूयार्क** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फादर ऑफ इंडिया बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को एकजुट किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर अपनी मुलाकात के बाद ट्रंप ने कहा कि उनके और मोदी के बीच शानदार केमेस्ट्री है। वह (मोदी) महान नेता और भद्र पुरुष हैं। मुझे याद है कि पहले के भारत में काफी समस्याएं थीं, तमाम झगड़े थे, लेकिन एक पिता के रूप में मोदी देश को एक करने में सफल रहे। मुझे लगता है कि उन्होंने शानदार काम किया है।

# सदी के महानायक को दादा साहब फाल्के

**एंटरटेनमेंट ब्यूरो, मुंबई**

- अमिताभ बच्चन इस फिल्म अवार्ड से सम्मानित होने वाले 66वें व्यक्ति
- केंद्रीय मंत्री जावडेकर ने की सर्वसम्मति से चुने जाने की घोषणा

हिंदी फिल्मों के अद्वितीय अभिनेता अमिताभ बच्चन को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने मंगलवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। जावडेकर ने लिखा, 'लीजेंड अमिताभ बच्चन, जिन्होंने दो पीढ़ियों का मनोरंजन किया और उन्हें प्रेरित किया, उन्हें सर्वसम्मति से दादासाहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। पूरा देश और अंतरराष्ट्रीय समुदाय खुश है। मेरी तरफ से उन्हें हार्दिक बधाई।' इस साल लोकसभा चुनावों की वजह से दादा साहब फाल्के पुरस्कार की घोषणा देर से की गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अमिताभ बच्चन देश की 66वीं हस्ती हैं। 76 वर्षीय बिग बी के फिल्मी कैरियर के पचास साल पूरे हो चुके हैं।

अमिताभ के साथ सत्ते पे सत्ता, दो और दो पांच, बागबान जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने जागरण को भेजे विशेष संदेश में कहा, 'अमित जी सही मायने में फाल्के पुरस्कार के हकदार हैं। वह वर्तमान में हिंदी फिल्म जगत के सबसे बहुमुखी अभिनेता हैं। सच कहूं तो उनका नाम ही पूरे बॉलीवुड के समानार्थक है। मैं अमित जी को शुभकामनाएं देती हूं। वह विविध भूमिकाओं से हमें इसी तरह चौंकाते रहें।'

एंग्री यंग मैन, शहंशाह, महानायक जैसी पदवियों से नवाजे जा चुके अमिताभ ने 1969 में फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' से अभिनय सफर की शुरुआत की थी। पर्दे पर 'एंग्री यंगमैन' की आक्रामकता, गुस्से और लड़ने की जिद ने सभी वंचितों और असंतुष्टों को प्रेरित और प्रभावित किया। उनकी स्थायी कामयाबी का मूलमंत्र अनुशासन है। दिलीप कुमार, जितेंद्र जैसे अपनी पीढ़ी के कलाकारों में केवल अमिताभ अपनी सक्रिय मौजूदगी से लगातार दर्शकों को विस्मित कर रहे हैं। अमिताभ विज्ञापनों और सोशल मीडिया में भी सक्रिय हैं। स्वच्छता समेत अनेक सामाजिक व सरकारी अभियानों से जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं।

**फिल्मों में व्यस्तता बरकरार** : गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की मेजबानी ने उनके करियर को नया आयाम दिया। अगले माह 77वां जन्मदिन मनाने जा रहे बिग बी खासे व्यस्त हैं। फिलहाल नागराज मंजुले की फिल्म 'झुंड' की शूटिंग कर रहे हैं।

हाल में उन्होंने आयुष्मान खुराना के साथ 'गुलाबो सिताबो' की शूटिंग पूरी की है। इमरान हाशमी के साथ 'चेहरे' की शूटिंग कर रहे हैं। अयान मुखर्जी की सुपरहीरो फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' भी रिलीज के लिए तैयार है। साथ ही साउथ की फिल्मों में भी कदम रखा है।

महानतम (विशेष सामग्री) पेज>>7



अमिताभ बच्चन की फाइल फोटो। प्रेट्र

# सहकारी बैंक घोटाले में शरद पवार व अजीत के खिलाफ मामला दर्ज

- ईडी ने दर्ज किया 70 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार, उनके भतीजे व पूर्व उप मुख्यमंत्री अजीत पवार, दिलीपराव देशमुख, इशरलाल जैन, जयंत पाटिल, शिवाजी राव, आनंद राव अदसुल, राजेंद्र शिंगाने और मदन पाटिल आदि के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। शरद पवार की पार्टी राकांपा ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम करार दिया है।

ईडी के अफसरों ने मंगलवार को बताया कि एमएससीबी घोटाला करीब 25 हजार करोड़ का है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मनी लांड्रिंग निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पुलिस की ओर से दर्ज एफआइआर के समकक्ष मानी जाने वाली प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। यह मामला मुंबई पुलिस की एफआइआर के आधार पर दर्ज किया गया जिसमें बैंक के पूर्व अध्यक्ष, महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और सहकारी बैंक के 70 पूर्व पदाधिकारियों के नाम हैं। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी की एफआइआर में शरद पवार का नाम दर्ज किया गया है। यह मामला ऐसे समय दर्ज किया गया है, जब महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। एजेंसी की ओर से जल्द ही उनके बयान दर्ज करने के लिए समन भेजा जाएगा।

राज्य की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की शिकायत के आधार पर इस साल अगस्त में मुंबई पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने मनी लांड्रिंग आपराधिक आरोप लगाए हैं। इससे पहले न्यायमूर्ति एससी धर्माधिकारी और एसके शिंदे ने कहा था कि आरोपितों के खिलाफ 'विश्वसनीय साक्ष्य' हैं। पुलिस की एफआइआर के मुताबिक, एक जनवरी 2007 से 31 मार्च 2017 के बीच हुए महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले के कारण सरकारी खजाने को कथित तौर पर 25 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

पवार को नामजद किए जाने का भाजपा ने स्वागत किया पेज>>3

# नौकरी-जमीन छिनने का कश्मीरियों का डर दूर किया जाए : भागवत

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद राज्य के लोगों के मन में नौकरियां और जमीन जाने का जो डर पैदा हो गया है उसे दूर किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा, इस अनुच्छेद को हटाए जाने से कश्मीरियों के बाकी देश के साथ एकीकरण में मदद मिलेगी।

सूत्रों के मुताबिक, विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत में भागवत ने कहा, कश्मीरी पहले अलग-थलग थे, अनुच्छेद 370 को लेकर जो बड़ा फैसला किया गया है उसके बाद वे अवरोध हट गए हैं जो उनके और बाकी देश के बीच बने हुए थे। आरएसएस ने कहा है कि भागवत और विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों की बातचीत उस सतत प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत संघ प्रमुख समाज के विभिन्न हिस्सों के लोगों के साथ रचनात्मक बातचीत करते हैं। भागवत ने एक सवाल परप कहा, यह कवायद लोगों को देश से निकालने के लिए नहीं है, बल्कि नागरिकों की पहचान के लिए है। (पेज-3 देखें)

## अहम फैसला

राष्ट्रीय एकता और पर्यटन को बढ़ावा देना है मकसद, सेना कर रही पर्यटकों के लिए खोलने वाले स्थानों और प्रक्रिया पर विचार, जनता को ग्लेशियर में जवानों के कठिन जीवन से रूबरू कराना भी है वजह

# आम भारतीयों के लिए खुलेगा सियाचिन ग्लेशियर

**नई दिल्ली, एएनआइ**

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में आनेवाले समय भारतीय पर्यटकों की रौनक देखी जा सकेगी। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार के जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब भारतीय सेना सियाचिन ग्लेशियर पर कुछ स्थानों को भारतीय नागरिकों के लिए खोलने की तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय एकता और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से यह फैसला अहम है।

सियाचिन में पाकिस्तान और चीन दोनों की सीमा भारत के साथ मिलती है। इसलिए यहां हजारों भारतीय सैनिक हर वक्त मुस्तैद रहते हैं। सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सियाचिन में ही भारत ने पाक को करारी मात दी थी। भारतीय सेना जल्द ही आम लोगों के लिए इस क्षेत्र को खोल सकती है। थल सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने हाल ही में सेना के अफसरों के सेमीनार में इसकी संभावना जताई थी। सियाचिन अब लद्दाख क्षेत्र में आता है जो केंद्र शासित प्रदेश घोषित हो चुका है। ऐसे में यहां का प्रशासन अब सीधे तौर पर केंद्र सरकार के अधीन है। इस फैसले के पीछे भारतीय सेना का मकसद आम लोगों को सेना के जीवन से जोड़ना भी है। वह भारतीय जनता को दिखाना चाहते हैं कि जवान कितने मुश्किल हालात में सियाचिन में तैनात हैं।

सूत्रों की मानें तो सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है। उनका मानना है कि आम लोग सेना से जुड़ना चाहते हैं और उनके बारे में जानना चाहते हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार सेना प्रमुख ने कहा कि सेना की तरफ से आम लोगों को प्रशिक्षण केंद्रों और संस्थानों में आने दिया जा रहा है। अब विचार किया जा रहा है कि लोगों को सियाचिन ग्लेशियर समेत सेना की कुछ अग्रिम चौकियों तक लाया जाए। अभी तक सेना की तरफ से किसी को वहां जाने की इजाजत नहीं है। सेना की ओर से इस बात पर विचार चल रहा है कि आम लोगों को कहां तक और कितनी ऊंचाई तक आने की मंजूरी देनी है। भारत पूरे 76 किलोमीटर लंबे सियाचिन ग्लेशियर और इसके सभी उपनदीय ग्लेशियरों पर नियंत्रण रखता है। साथ ही साथ साल्टोरो रिज के पांच मुख्य पास पश्चिम ग्लेशियर-सिआ ला, बिलाफोंड ला, ग्याओंग ला, यर्म ला (6,100 मी) और चुलुंग ला (5,800 मी) का।

**लद्दाख आने वाले पर्यटक करते हैं मांग** : सेना के सूत्रों का कहना है कि लद्दाख और उसके आसपास तक आने वाले भारतीय प्रसिद्ध कारगिल के युद्ध के मोर्चों तक आने देने की मांग करते रहते हैं, जैसे टाइगर हिल जहां से भारतीय सेना ने बड़ी ही बहादुरी और अदम्य साहस से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ा था। वर्ष 2007 से भारत ने सियाचिन ग्लेशियर के बेस कैंप से सियाचिन के उच्च अक्षांशों पर ट्रैकिंग के लिए जाने को समय-समय पर नागरिकों को मंजूरी देना शुरू किया है। लेकिन इसके लिए हर बार परमिट और कड़े मापदंडों का पालन करना पड़ता है। सियाचिन ग्लेशियर का बेस कैंप समुद्र तल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर है, जबकि सियाचिन के और ऊंचे इलाके 21 हजार फीट से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित हैं।



प्रतीकात्मक

### -70 डिग्री तक पहुंचा है पारा

सियाचिन पूर्वी काराकोरम रेंज पर स्थित है। यह हिमालय पर्वत शृंखला के 35.421226 डिग्री उत्तर, 77.109540डिग्री पूर्व, पर स्थित है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई लगभग 5,753 मीटर है। इतनी ऊंचाई पर होने के कारण यहां तापमान साल भर बेहद कम रहता है। पारा -50 से लेकर -70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इतनी ठंड में भारतीय जवान वहां पूरी मुस्तैद से साल भर डटे रहते हैं।

# पाक में आया भूकंप, दिल्ली तक हिली धरती




पाकिस्तान के झेलम में 23 किमी उत्तर में जमीन के 10 किमी नीचे से उठे भूकंप ने गुलाम कश्मीर के मीरपुर में जमकर तबाही मचाई। (खबर पेज-13 पर) रायटर

**5.8** तीव्रता का भूकंप पाकिस्तान में मंगलवार को आया। इससे कई घर गिर गए, सड़कों में लंबी और गहरी दरारें पड़ गईं, जिसमें तमाम वाहन समा गए।

**26** लोगों की भूकंप की चपेट में आने से मौत हो गई और 300 से ज्यादा घायल हो गए। गुलाम कश्मीर के मीरपुर कस्बे में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।